आकाशवाणी श्री विजयपुरम

12.02.2025 समय : 1850

- परीक्षा पे चर्चा का दूसरा एपिसोड ''मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती'' विषय पर जारी हुआ– अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने छात्रों से दृढ़ विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने को कहा।

- महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

- श्री विजयपुरम में शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन जारी।

- मध्योत्तर अंडमान में 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित हुआ।

<><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ''मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती'' विषय पर एपिसोड जारी किया। जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने आज छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए और अगर कोई गलती हो तो घबराना नहीं चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सराहना की है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने पर जोर दिया। फिट इंडिया के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक लेख है, जो मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है। श्री विजयपुरम के राज्य शिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चांद ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियां आती है, परंतु कभी हार नहीं माननी चाहिए।

कल परीक्षा पे चर्चा के तीसरे एपिसोड में परीक्षाओं के बीच प्रौद्योगिकी यानी गैजेट्स की भूमिका तथा छात्रों का उनके स्क्रीन देखने पर अधिक समय बिताना विषय पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><>

प्रयागराज के महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करना शुभ माना जाता है। यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान के अंत का भी प्रतीक है। इस भव्य उत्सव में दस लाख से अधिक कल्पवासी शामिल हुए। अब तक करीब सैंतालीस करोड़ पचपन लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेला तेरह जनवरी को शुरू हुआ। यहां दुनिया भर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के राज्य शिक्षा संस्थान और भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, की ओर से शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा सदन के सम्मेलन कक्ष में भौतिकी एवं रसायन विज्ञान के पीजीटी के लिए योग्यता आधारित शिक्षण एवं मूल्यांकन पर कार्यकम चल रहा है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को छात्रों की वास्तविक क्षमताओं का आंकलन करने में मदद करेगा। उद्घाटन अवसर पर आर आई ई, भुवनेश्वर के प्रधानाचार्य प्रोफेसर पी.सी. अग्रवाल और श्री विजयपुरम के शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह विशेष अतिथि के रूप में, उपस्थित थे। अपने संबोधन में शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों में गुणात्मक सुधार पर ज़ोर दिया। प्रोफेसर पी सी अग्रवाल ने योग्यता आधारित शिक्षा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित विकास एवं सुविधा कार्यालय की एम एस एम ई शाखा की ओर से मध्योत्तर अंडमान में 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। मायाबंदर तथा डिगलीपुर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की पहुंच और नामांकन को बढ़ाना है। इस दौरान तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

<><><><><><>

तिमाही आधार पर प्रत्येक विभाग में मॉक ड्रिल आयोजित करने के उपलक्ष्य में, आज गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में भूकंप पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास में आपदा प्रबंधन निदेशालय, अंडमान निकोबार पुलिस, स्वास्थ्य और अग्निशमन विभाग शामिल हुए। अभ्यास की समाप्ति के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों ने विभाग की तैयारियों को मजबूत करने और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ अपनी टीमों को प्रशिक्षण प्रदान करने का आग्रह किया। इस अभ्यास में समाज कल्याण एवं अन्य विभागों के बासठ कर्मियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में, खेल विभाग नेताजी स्टेडियम में तीरंदाजी और क्रिकेट के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में खेल विकास को बढ़ावा देना और युवा एथलीटों को अपने कौशल को निखारने के अवसर प्रदान करना है। किकेट के लिए कोचिंग सुबह छः से आठ बजे तक और शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक दी जाएगी। तीरंदाजी के लिए सुबह छः से नौ बजे तक और शाम तीन से साढ़े पांच बजे तक कोचिंग कक्षा का आयोजन किया जाएगा। आर्चरी के कोच एन.उमर फारूख ने कहा कि बच्चे इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा ले और द्वीपसमूह का नाम रोशन करें।

<><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अट्ठाईस फरवरी को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कॉलेज छात्रों के लिए 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। श्री विजयपुरम स्थित डॉलीगंज के विज्ञान और प्रौद्योगिकी भवन में प्रतियोगिता आयोजित होगा। इच्छुक छात्र अपना नाम छब्बीस फरवरी सुबह नौ बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पी. सेंथिल कुमार के पास मोबाइल नंबर 9474213985 पर पंजीकृत करा सकते हैं। हर वर्ष अट्ठाईस फरवरी को

भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><><>